पेज थ्री
देहरादून

गुरुद्वारे में सम्मान समारोह करते हुए।

देहरादून शुक्रवार 3 जुलाई 2020





# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड में अनलॉक 2 के तहत रात 9 से सुबह 7 बजे तक रहेगा कर्फ्यू

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में अनलॉक 2 के तहत अब रात 9 बजे से सुबह 7 बजे तक कर्फ्यू रहेगा। शासन ने इस संबंध में गाइडलाइन जारी कर दी है। रेस्टोरेंट रात नौ बजे तक खुलेंगे, जबकि शेष बाजार को रात 8 बजे तक खुलने की अनुमति रहेगी। अनलॉक–2 के तहत उत्तराखंड में स्कूल, कॉलेज, शैक्षिक, प्रशिक्षण और कोचिंग संस्थान 31 जुलाई तक बंद रहेंगे। केंद्र और राज्य सरकार के प्रशिक्षण संस्थान 15 जुलाई से काम करना शुरू कर देंगे। मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह ने गुरुवार को अनलॉक–2 के दिशा–निर्देश जारी करते हुए कहा है कि यह व्यवस्था 31 जुलाई 2020 तक प्रभावी रहेगी।

### विभिन्न समस्याओं का निराकरण करवाये जाने का आग्रह

**संवाददाता** देहरादून। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष लालचन्द शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों के एक प्रतिनिधिमण्डल ने नगर निगम आयुक्त से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन प्रेषित करते हुए महानगर की विभिन्न समस्याओं का निराकरण करवाये जाने का आग्रह किया। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि शीध्र ही कार्यवाही न होने पर आंदोलन किया जायेगा।
इस अवसर पर नगर आयुक्त को सौंपे ज्ञापन में महागनर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा कि नगर निगम द्वारा बकायेदारों को हाउस टैक्स में 15 जुलाई तक टैक्स में 20 फीसदी की छूट दी जानी है।

### महामारी के चलते बायोमैट्रिक से राशन वितरण किया जाये बन्द

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक राजकुमार ने खाद्य सचिव से मिले और ज्ञापन सौंपा और समस्याओं के समाधान की मांग की है और कहा कि जल्द ही कार्यवाही न होने पर आंदोलन किया जायेगा। इस अवसर पर खाद्य सचिव ने शीघ्र ही कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है। खाद्य सचिव से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौंपा और शीघ्र ही कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

### चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मी वास्तव में बधाई के पात्र

**संवाददाता** देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी देहरादून के अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कैन्ट विधानसभा क्षेत्र के प्रेमनगर स्थित राजकीय संयुक्त चिकित्सालय में कोरोना वायरस कोविड 19 महामारी में आम जनता की सेवा में लगे चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। लालचन्द शर्मा ने कहा कि महामारी के दौर में चिकित्सा कर्मियों द्वारा बिना रूके जनता की सेवा की जा रही है उसके लिए वे धन्यवाद के पात्र हैं।

# कोरोना काल में योगदान देने वाली महिलाओं के लिये पुरस्कार की योजना

**बैठक**

■रेखा आर्या ने महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक की

■गाय, भैंस इत्यादि पशुओं के टीकाकरण कार्य की समीक्षा की

**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश की महिला कल्याण एवं बाल विकास, पशुपालन, भेड़ एवं बकरी पालन, चारा एवं चारागाह विकास एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री(स्वतंत्र प्रभार) रेखा आर्या ने विधान सभा, सभाकक्ष में महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक की।

बैठक में विभाग की प्रगति में तेजी लाने के लिए योजनावार कलेण्डर तैयार करने का निर्देश दिया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भौतिक एवं वित्तीय प्रगति पर बल देते हुए कहा कि परिणामोन्मुखी एवं महिलाओं को स्वावलम्बी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए इनोवेटिव कार्य किया जाए। पुनः सितम्बर माह में बृहस्पतिवार की बैठक में दिये गये निर्देशों की समीक्षा हेतु बैठक की जायेगी।



एकल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सब्सिडी आधारित योजना के तहत एक प्रतिशत ब्याज पर पशुपालन, मत्स्य पालन, टेलरिंग, फैशन डिजाइन, मसाला, आचार और शहद इत्यादि में स्वरोजगार के लिए 90 प्रतिशत राजकीय सहायता एवं 10 प्रतिशत एकल महिला का योगदान निर्धारित किया गया है। इस योजना के व्यापक प्रचार–प्रसार करने पर जोर देते हुए कहा कि इस योजना से जहां महिलाऐं आत्मनिर्भर होंगी वहीं पर योजना में मालिक के रूप में भी कार्य करेंगे।

गाय, भैंस इत्यादि पशुओं के टीकाकरण कार्य की समीक्षा की गयी। अगस्त माह से प्रारम्भ होकर छः माह तक टीकाकरण के लिए टैगिंग किया जायेगा। इससे ट्रैस करने में मदद मिलेगी। बैठक में कहा गया कि कोरोना काल में विशेष योगदान देने वाली महिलाओं के लिये 8 अगस्त को होने वाले तीलू रौतेली पुरस्कार देने की कार्ययोजना बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

बैठक में समिति के माध्यम से इको फ्रेंडली बैग बनाने के स्व रोजगार योजना के तहत अल्मोड़ा और देहरादून जनपद में इसकी एक–एक यूनिट लगाई जायेगी।

बैठक प्रधानमंत्री मातृ बन्दन योजना के तहत लाभार्थियों को लाभ देने का कार्य तेज किया जाए तथा आधार कार्ड न होने के कारण लाभ से वंचित लोगों के जल्द से जल्द आधार कार्ड बनवाकर योजना में शामिल किया जाए। इसके साथ ही कोटद्वार और ऊधमसिंह नगर में बनने वाले बालिका छात्रावासों के सम्बन्ध में भी चर्चा की गयी।

बैठक में नन्दा देवी गौरा योजना, पोषण अभियान, कामकाजी महिला छात्रावास के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए कार्य में तेजी लाने के लिए निर्देश दिया गया। इस अवसर पर सचिव महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास सौजन्या, निदेशक वी.षणमुगम, उप निदेशक एस.के.सिंह, मुख्य परिवीक्षा अधिकारीध्जिला कार्यक्रम अधिकारी मोहित चौधरी एवं नोडल अधिकारी मौजूद थे।

## दून में कोरोना संक्रमित बुजुर्ग की हुई मौत

देहरादून। दून मेडिकल कालेज अस्पताल के आइसीयू में भर्ती कोरोना संक्रमित सहारनपुर (यूपी) के एक 72 वर्षीय बुजुर्ग की गुरुवार को मौत हो गई। गाइडलाइन के मुताबिक पुलिस एवं प्रशासन की टीम शव सुपुर्द–ए–खाक करवा रही है। डिप्टी एमएस डा. एनएस खत्री ने बताया कि बुजुर्ग को 28 जून को भर्ती कराया गया था। उनको फेफड़ों एवं दिल संबंधी कई बीमारियां थी। गुरुवार सुबह उनकी मौत हो गई है। परिजन की मदद से पुलिस, प्रशासन एवं अस्पताल की टीम बुजुर्ग के शव को एक कब्रिस्तान में सुपुर्द–ए–खाक करवा रही है। उधम सिंह नगर में 14 और लोग कोरोना संक्रमित पाए गए। सभी लोगों को पंतनगर विश्वविद्यालय स्थित छात्रावास में क्वारंटाइन किया गया था। स्वास्थ्य विभाग सभी की ट्रैवल हिस्ट्री खंगाल रहा है। पंतनगर के टैगोर भवन में क्वारंटाइन किच्छा निवासी युवक फरार हो गया। इसका पता चलते ही पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। साथ ही उसके खिलाफ लाकडाउन उल्लंघन और आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक 24 जून को किच्छा के बंडिया निवासी संजय पुत्र साधू राम रामपुर से रुद्रपुर की ओर आया था। इस पर उसे बार्डर पर रोककर जांच की गई। इसके बाद उसे राधा स्वामी सत्संग भवन में बने राहत शिविर में पहुंचाया गया था, जहां से उसे स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पंतनगर में बने क्वारंटाइन सेंटर भेज दिया गया था।

# आम जनता की समस्याओं को लेकर सुनवाई कार्यक्रम

**जनसुनवाई**

■जलभराव की समस्या से क्षेत्रवासियों को निजात दिलाई जाय

देहरादून। **संवाददाता**

जिलाधिकारी कार्यालय में अपर जिलाधिकारी प्रशासन अरविन्द पाण्डेय की अध्यक्षता में आम जनता की समस्याओं को लेकर सुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया। जनसुनवाई में कुल 14 प्रकरण प्रमुखता से आम लोगों द्वारा प्रस्तुत किये गये जिनमें, अवैध निर्माण, आर्थिक सहायता शस्त्र लाईसेंस, नालाबन्दी से जल भराव, भूमि विवाद, राज्य आन्दोलनकारी चिन्हीकरण, विकासकार्यों में व्यवधान की शिकायत, आयकर प्रमाण–पत्र, भवन अतिक्रमण, ग्रेज्यूटी पेंशन भुगतान, भवन किराया के अलावा खण्डहर भवन से रिहायशी भवन में खतरे से सम्बन्धित प्रकरण आये। जन सुनवाई के दौरान जे.एन पुरी निवासी निकट आईएमए द्वारा निजी भूमि में अवैध निर्माण को लेकर शिकायत की गई, इस पर अपर जिलाधिकारी द्वारा उप जिलाधिकारी सदर को तत्काल मौका मुआयना किये जाने के निर्देश दिये। सुनवाई में प्रेमसिंह एवं रामचन्द्र द्वारा आर्थिक सहायता उपलब्धा कराये जाने का अनुरोध किया गया। इस पर अपर जिलाधिकारी ने कहा कि कि मुख्यमंत्री राहत कोष आर्थिक सुविधा दिलाये जाने हेतु पत्राचार किया जायेगा। शिकायतों के क्रम में नाडा लाखामण्डल के राजवीर सिंह ने जंगली जानवरों द्वारा फसलों के नुकसान को रोकने हेतु शस्त्र लाइसेंस दिए जाने का अनुरोध किया इस पर अपर जिलाधिकारी द्वारा शस्त्र लाईसेंस हेतु विधिक कार्यवाही करने को कहा गया।



आरकेडिया ग्रांट, धारावली वार्ड न0 91 के नागरिकों द्वारा क्षेत्र में नालाबंद होने से जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की इस पर एडीएम द्वारा नगर निगम को दूरभाष से निर्देशित किया कि तत्काल नाला खोलते हुए जलभराव की समस्या से क्षेत्रवासियों को निजात दिलाई जाय।

## कोविड योद्धाओं के लिए बनाए मास्क शैलेन्द्र त्यागी को सौंपा

**संवाददाता** देहरादून। डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, डिफेंस कॉलोनी, देहरादून के विद्यार्थियों ने सामाजिक एवं नैतिक दायित्व निभाते हुए अपने अभिभावकों की सहायता से कोविड योद्धाओं के लिए अपने हाथों से मास्क तैयार किए हैं। गुरूवार को मुख्यमंत्री आवास में विद्यार्थियों द्वारा कोविड योद्धाओं हेतु बनाये गये इन मास्क को मुख्यमंत्री के जनसंपर्क अधिकारी शैलेन्द्र त्यागी को सौंपा गया। इस अवसर पर अध्यक्ष डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, सी.एम.सी. पूनम सूरी, निदेशक डॉ. वी. सिंह, प्रधानाचार्य डॉ. मनीष गोयल भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कोविड योद्धाओं हेतु विद्यार्थियों द्वारा मास्क बनाये जाने की सराहना की है। उन्होंने कहा कि देश के जिम्मेदार नागरिक होने के नाते हम सभी की यह सामाजिक व नैतिक जिम्मेदारी है कि ऐसी विषम परिस्थिति में एकजुटता का परिचय देते हुए कोविड योद्धाओं का उत्साहवर्धन किया जाए।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+







Scan This Code

Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून
ही मान्य होगा।